Prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp

# UGC NET Exam

## Women's Studies

Simplifying **Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS

SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA

SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET

CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

# PAPER-II
# WOMEN'S STUDIES

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

2. (Signature) ____________________________

   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ...............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.____________________________

(In words)

**D 7 4 1 2**

Time : **$1\frac{1}{4}$** hours]

[Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# WOMEN'S STUDIES

## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** Which feminist thought suggests that gender equality can be realized by eliminating the cultural notion of gender ?
(A) Socialist feminism
(B) Post modern feminism
(C) Radical feminism
(D) Neo classical feminism

**2.** AYUSH is a part of _______ Health Programme.
(A) NFHS
(B) NRHM
(C) RCH
(D) NACO

**3.** Gender Roles :
(A) are result of differences in biological aptitude.
(B) are roles ascribed by men and women.
(C) roles assigned by the society to each sex.
(D) roles assigned by the society to men.

**4.** Who was the first Indian Woman Chief Minister of an Indian State ?
(A) Smt. Jayalalitha
(B) Sheila Dikshit
(C) Mrs. Sucheta Kripalani
(D) Sarojini Naidu

**5.** Choose the correct expansion of UNIFEM :
(A) United Nations Development Fund for Women
(B) United Nations International Fund for Women
(C) United Nations International Fund for Education of Women
(D) United Nations Development Fund for Education of Women

**6.** Which one of the given issues is not raised by the women's organisations in the post independence period ?
(A) Lack of maternity benefit.
(B) Lack of child care provisions.
(C) Wage discrimination between men and women.
(D) Replacement of male workers with female workers.

**7.** Match the List – I (Authors) with List – II (Books)

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Juliet Mitchell | 1. The History of Doing |
| b. Radha Kumar | 2. The Second Sex |
| c. Maithreyee Choudari | 3. Women's Estate |
| d. Simone de Beauvoir | 4. Indian Women's Movement |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**8.** Arrange the chronological sequence of the legislations according to their year of enactment :
i. Domestic Violence Bill
ii. Juvenile Justice Act
iii. Child Labour (Prohibition and Protection) Act
iv. National Commission for Women Act

**Codes :**
(A) iii, iv, ii, i
(B) iii, i, ii, iv
(C) iv, i, ii, iii
(D) i, ii, iii, iv



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# महिला अध्ययन

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें ।

**1.** किस नारीवादी सिद्धान्त के अनुसार, लैंगिक समानता को लिंग की सांस्कृतिक धारणा को समाप्त करके प्राप्त किया जा सकता है ?

(A) समाजवादी नारीवाद
(B) उत्तर आधुनिक नारीवाद
(C) उग्र नारीवाद
(D) नव क्लासीकीय नारीवाद

**2.** आयुश कौन से स्वास्थ्य कार्यक्रम का हिस्सा है ?

(A) NFHS
(B) NRHM
(C) RCH
(D) NACO

**3.** लैंगिक भूमिकाएं :

(A) जैविक अभिक्षमता में भिन्नताओं का परिणाम है ।
(B) पुरुषों तथा स्त्रियों के द्वारा आरोपित भूमिकाएं हैं ।
(C) समाज द्वारा प्रत्येक लिंग को निर्दिष्ट भूमिकाएं
(D) समाज द्वारा पुरुषों को निर्दिष्ट भूमिकाएं

**4.** भारतीय राज्य की प्रथम भारतीय महिला मुख्य मन्त्री कौन थी ?

(A) श्रीमती जयललिता
(B) शीला दीक्षित
(C) श्रीमती सुचेता कृपलानी
(D) सरोजिनी नायडू

**5.** यूनिफेम (UNIFEM) का सही विस्तार बताइये

(A) यूनाइटेड नेशनस् डेवलेपमेंट फंड फॉर वूमेन
(B) यूनाइटेड नेशनस् इंटरनेशनल फंड फॉर वूमेन
(C) यूनाइटेड नेशनस् इंटरनेशनल फंड फॉर एज्यूकेशन ऑफ वूमेन
(D) यूनाइटेड नेशनस् डेवलेपमेंट फंड फॉर एज्यूकेशन ऑफ वूमेन

**6.** निम्न मुद्दों में से कौन सा स्वतन्त्रता उत्तरोत्तर काल में महिलाओं के संगठन द्वारा नहीं उठाया गया ?

(A) मातृत्व सुविधाओं का अभाव ।
(B) बाल देखरेख सम्बन्धी प्रावधानों का अभाव ।
(C) पुरुषों और स्त्रियों के बीच भिन्न मजदूरी ।
(D) पुरुष कामगारों के स्थान पर स्त्री कामगारों की नियुक्ति ।

**7.** सूची – I (लेखक) को सूची – II (पुस्तक) के साथ सुमेलित कीजिये :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. जूलियट मिचेल | 1. दी हिस्टरी ऑफ डुइंग |
| b. राधा कुमार | 2. दी सैकेण्ड सेक्स |
| c. मैत्रयी चौधरी | 3. वूमेन्स एस्टेट |
| d. सिमोन डे बोवाआ | 4. इंडियन वूमेन्स मूवमेंट |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**8.** निम्नलिखित कानूनों को उनके बनने के वर्ष के अनुसार कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिये :

i. घरेलू हिंसा विधेयक
ii. किशोर न्याय अधिनियम
iii. बाल श्रम (निषेध तथा संरक्षण) अधिनियम
iv. राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम

**कूट :**

(A) iii, iv, ii, i
(B) iii, i, ii, iv
(C) iv, i, ii, iii
(D) i, ii, iii, iv



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

9. Among the following pair which is not correctly matched ?

| | | |
|---|---|---|
| (A) Krishna Teerath | – | Minister for Women and Child Welfare |
| (B) Medha Patkar | – | Eco-Feminist |
| (C) Jayanti Patnaik | – | Chairperson, NCW |
| (D) Vandana Shiva | – | Booker Prize Winner |

10. **Assertion (A) :** In India, large percentage of women can not take decision independently not even related to their own life.

**Reason (R) :** In India, large percentage of women do not have political power.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation for (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation for (A).
(C) Both (A) and (R) are false.
(D) (A) is true, (R) is false.

11. Which States have Literacy Rate above 90% as per 2011 census ?
(A) Kerala, Tamil Nadu, Mizoram
(B) Kerala, Lakshadweep, Mizoram
(C) Kerala, Manipur, Goa
(D) Kerala, Manipur, Mizoram

12. **Assertion (A) :** Teaching of feminism and women's studies in India has been depending on western feminist theory.

**Reason (R) :** The body of theoretical knowledge based on empirical research have not been established in India.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation for (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation for (A).
(C) Both (A) and (R) are false.
(D) Both (A) and (R) are true.

13. Arrange the following chronologically according to the year :
i. New Population Policy of India
ii. Towards Equality
iii. National Empowerment Policy for Women.
iv. Shram Shakti Report

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | iv | i | ii | iii |
| (D) | ii | iv | i | iii |

14. According to the Marriage Act, in which year the minimum age at marriage has been raised to 18 years for girls ?
(A) 1961
(B) 1981
(C) 1975
(D) 1978

15. **Assertion (A) :** Mental health is an important dimension of women's health.

**Reason (R) :** Mental health is viewed as interface between domestic violence and health.

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are false.
(B) Both (A) and (R) are true.
(C) (A) is false, (R) is true.
(D) (R) is false, (A) is true.

16. Reproductive rights include the rights of all individual and couples :
i. Reproduction free of discrimination.
ii. Reproduction without coercion and violence.
iii. Reproduction without wedlock.
iv. Reproduction without safe motherhood.

**Codes :**
(A) i and iv only correct.
(B) ii and iii only correct.
(C) i and ii only correct.
(D) i, ii and iv only correct.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**9.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(A) कृष्णा तीरथ – महिला एवं बाल कल्याण मन्त्री

(B) मेधा पाटकर – पारिस्थितिकी नारीवादी

(C) जयन्ती पटनायक – अध्यक्ष, एन.सी.डब्ल्यू

(D) वन्दना शिवा – बुकर पुरस्कार विजेता

**10.** **अभिकथन (A)** : भारत में, स्त्रियों का बड़ा प्रतिशत स्वतन्त्र रूप से निर्णय नहीं ले सकता है, अपने खुद के जीवन से सम्बन्धित निर्णय भी नहीं ।

**कारण (R)** : भारत में स्त्रियों के बड़े प्रतिशत के पास राजनीतिक सत्ता नहीं है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(D) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

**11.** 2011 की जनगणना के अनुसार किन राज्यों में साक्षरता दर 90% से अधिक है ?

(A) केरल, तमिलनाडू, मिज़ोरम

(B) केरल, लक्षदीप, मिज़ोरम

(C) केरल, मणिपुर, गोआ

(D) केरल, मणिपुर, मिज़ोरम

**12.** **अभिकथन (A)** : भारत में नारीवाद तथा महिला अध्ययन का अध्यापन पश्चिमी नारीवादी सिद्धान्त पर आश्रित है ।

**कारण (R)** : आनुभविक शोध पर आधारित सैद्धान्तिक ज्ञान का निकाय भारत में स्थापित नहीं किया गया ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।

**13.** निम्नलिखित को वर्ष के अनुसार कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिये :

i. न्यू पोपुलेशन पॉलिसी ऑफ इंडिया

ii. टूवर्डस इक्विलीटी

iii. नेशनल एमपावरमेंट पॉलिसी फॉर वूमेन

iv. श्रम शक्ति रिपोर्ट

(A) i, ii, iii, iv

(B) ii, iii, i, iv

(C) iv, i, ii, iii

(D) ii, iv, i, iii

**14.** विवाह अधिनियम के अनुसार लड़कियों के लिये विवाह की न्यूनतम आयु को किस वर्ष में बढ़ा कर 18 वर्ष कर दिया गया ?

(A) 1961

(B) 1981

(C) 1975

(D) 1978

**15.** **अभिकथन (A)** : मानसिक स्वास्थ्य स्त्रियों के स्वास्थ्य का महत्त्वपूर्ण आयाम है ।

**कारण (R)** : मानसिक स्वास्थ्य को घरेलू हिंसा तथा स्वास्थ्य के बीच पार्थक्य पृष्ठ के रूप में देखा जाता है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।

(C) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

(D) (R) असत्य है, परन्तु (A) सत्य है ।

**16.** प्रजनन अधिकार में व्यक्ति तथा दम्पत्ति के निम्नलिखित अधिकार समाविष्ट हैं :

i. भेदभाव मुक्त प्रजनन

ii. जोर-जबरदस्ती तथा हिंसा के बिना प्रजनन

iii. विवाहित हुए बिना प्रजनन

iv. सुरक्षित मातृत्व के बिना प्रजनन

**कूट** :

(A) सिर्फ i और iv सही हैं ।

(B) सिर्फ ii और iii सही हैं ।

(C) सिर्फ i और ii सही हैं ।

(D) सिर्फ i, ii और iv सही हैं ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

17. Marxist feminist attempt to explain how
    i. gender relations operate in a society.
    ii. gender relations are universal.
    iii. gender relations are connected with processes of production and reproduction.
    iv. gender relations are crucial for property.

**Codes :**

(A) i and iii only
(B) i, ii, iv only
(C) i, iii, iv only
(D) ii and iv only

18. **Assertion (A) :** Gender budgeting focuses on women.

**Reason (R) :** Nearly two third of illiterate people in the world are women.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are false.
(B) (A) is true, (R) is false.
(C) Both (A) and (R) are true.
(D) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation for (A).

19. Match List – I (Thinkers) with List – II (View) :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Clara Zetkin, Juliet Mitchel | 1. Liberty of education and employment |
| b. Jane Flax, Margaret Benston | 2. Women's work outside home and domestic work |
| c. Mary Wollstone Craft, Betty Friedan | 3. Equality in terms of women's rights for reproduction |
| d. Kate Millet, Mary Daly | 4. Equality with reference to masculine and feminine traits |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

20. Friedrich Engels in his book "The Origin of the Family, Private Property and the State", said :

(A) Women's sub-ordination was biological.
(B) The overthrow of mother right constituted the world historic defeat of the female sex.
(C) Biology is destiny.
(D) Invisibility of women's work in pre-history period.

21. **Assertion (A) :** Laws do not automatically change social structure.

**Reason (R) :** Laws are generally improperly enforced and are subject to the executive control of the State.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation for (A).
(B) Both (A) and (R) are true, and (R) is not the correct explanation for (A).
(C) Both (A) and (R) are false.
(D) (A) is true, (R) is false.

22. Which is not the form of qualitative research ?

(A) Case study
(B) Oral history
(C) Survey
(D) Focus group discussion

23. What is the expansion for IWRAW ?

(A) Indian Women's Association for Women's Rights.
(B) International Women's Rights Action Watch.
(C) International Women's Rights and Welfare Association.
(D) Indian Women's Rights Action Watch.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**17.** मार्क्सवादी नारीवादी स्पष्ट करने का प्रयास करता है कि किस प्रकार

i. लैंगिक सम्बन्ध समाज में संचालित होते हैं ।

ii. लैंगिक सम्बन्ध सार्वभौमिक हैं ।

iii. लैंगिक सम्बन्ध उत्पादन तथा प्रजनन की प्रक्रियाओं से सम्बन्धित हैं ।

iv. लैंगिक सम्बन्ध सम्पत्ति के लिये अत्यावश्यक हैं ।

**कूट** :

(A) सिर्फ i और iii (B) सिर्फ i, ii, iv

(C) सिर्फ, i, iii, iv (D) सिर्फ ii और iv

**18.** **अभिकथन (A)** : जेंडर बजटिंग (लैंगिक बजटन) स्त्रियों पर संकेन्द्रित है ।

**कारण (R)** : विश्व में अशिक्षित लोगों का लगभग दो तिहाई स्त्रियां हैं ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(B) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।

(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**19.** सूची – I (विचारक) को सूची – II (विचार) के साथ सुमेलित कीजिये :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | क्लारा ज़ेटकिन, जूलियट मिचेल | 1. | शिक्षा और रोजगार की स्वतन्त्रता |
| b. | जेन फ्लैक्स, मार्ग्रेट बैंसटन | 2. | घरेलू कार्य तथा घर से बाहर स्त्रियों का कार्य |
| c. | मेरी वॉलस्टोन क्राफ्ट, बैट्टी फ्रीडन | 3. | प्रजनन के लिये स्त्रियों के अधिकारों से सम्बन्धित समानता |
| d. | केट मिलेट, मेरी डेली | 4. | पुरुषत्व तथा स्त्रीत्व विशेषताओं के संदर्भ में समानता |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (B) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (C) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

**20.** फ्रेडरिक एंजिल्स ने अपनी पुस्तक "दी ओरिजन ऑफ दी फैमिली, प्राइवेट प्रोपर्टी एण्ड दी स्टेट" में कहा

(A) स्त्रियों की अधीनस्थता जैविक है ।

(B) मातृ अधिकार की पराजय स्त्रीलिंग की विश्व ऐतिहासिक पराजय है ।

(C) जीव विज्ञान नियति है ।

(D) प्रागैतिहासिक काल में स्त्रियों के कार्य की अदृश्यता ।

**21.** **अभिकथन (A)** : कानून स्वायत्त रूप से सामाजिक संरचना को नहीं बदलते हैं ।

**कारण (R)** : सामान्यतया कानून अनोपयुक्त ढंग से प्रवर्तित किये जाते हैं और सरकार के कार्यकारी नियन्त्रण के अधीन रहते हैं ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(D) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

**22.** गुणात्मक शोध का रूप कौन सा नहीं है ?

(A) वैयक्तिक अध्ययन (केस स्ट्डी)

(B) मौखिक इतिहास

(C) सर्वेक्षण

(D) फोकस ग्रुप परिचर्चा

**23.** IWRAW का विस्तार बताइये

(A) इंडियन वूमेन्स एसोसिएशन फॉर वूमेन्स राइटस्

(B) इंटरनेशनल वूमेन्स राइटस् एक्शन वॉच

(C) इंटरनेशनल वूमेन्स राइटस् एण्ड वेलफेयर एसोसिएशन

(D) इंडियन वूमेन्स राइट्स एक्शन वॉच



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**24.** Among the following which pair is not correctly matched ?

(A) Women in Modern India -Neera Desai

(B) Manushi -Madhu Kishwar

(C) Second Stage -Betty Friedan

(D) Women and Society -Uma Chakravarti

**25.** List out the group of autonomous organisations under Ministry of Women and Child Development :

(A) NIPCCD, NCW, CSWB

(B) NIPCCD, CSWB, DWCRA

(C) NCW, RMK, NRHM

(D) CSWB, NIPCCD, NRHM

**26.** Among the following pair which is correctly matched ?

(A) Sarala Devi Chaudhuri – Founder of Bharat Stree Mahamandal

(B) Kamala Devi Chattopadhyay – Founder of Indian Association for Women's Studies

(C) Vina Mazumdar – Founder of Women India Association

(D) Sarojini Naidu – Founder of National Council for Women

**27.** **Assertion (A) :** Women and girls bear more consequences of gender based violence as compared with that of men.

**Reason (R) :** Women and girls are the primary target for gender based violence.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are false.

(B) (A) is true, (R) is false.

(C) Both (A) and (R) are true, (R) is the correct explanation for (A).

(D) Both (A) and (R) are true.

**28.** Arrange chronologically the following Chairpersons of National Commission for Women from present to past :

(A) Mohini Giri, Jayanti Patnaik, Girija Vyas, Poornima Advani.

(B) Girija Vyas, Poornima Advani, Mohini Giri, Jayanti Patnaik.

(C) Girija Vyas, Jayanti Patnaik, Mohini Giri, Poornima Advani.

(D) Girija Vyas, Mohini Giri, Poornima Advani, Jayanti Patnaik.

**29.** Which pair of feminist advocated interactive methodology ?

(A) Margret Eichler and Rose Mary Tong

(B) Nancy Kleiber and Linda Light

(C) Mary Maynard and Arlie Russell

(D) Hanley and Marilyn J.

**30.** Arrange the chronological sequence of the establishments according to the year of their initiation.

i. Dept. of Women and Child Development

ii. National Perspective Plan for Women

iii. UGC-Centres for Women's Studies

iv. Sarv Shiksha Abhiyan

**Codes :**

(A) i, ii, iii, iv

(B) ii, i, iii, iv

(C) iii, i, ii, iv

(D) i, iii, ii, iv

**31.** 'Women's Component Plan' was initiated in which five year plan ?

(A) $6^{th}$ five year plan

(B) $7^{th}$ five year plan

(C) $5^{th}$ five year plan

(D) $9^{th}$ five year plan



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**24.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?

(A) वूमेन इन मॉर्डन इंडिया – नीरा देसाई

(B) मानुषी – मधु किश्वर

(C) सैकेण्ड स्टेज – बेट्टी फ्रीडन

(D) वूमेन एण्ड सोसाइटी – उमा चक्रवर्ती

**25.** महिला तथा बाल विकास मन्त्रालय के अंतर्गत स्वशासित संगठनों के समूह सूचीबद्ध कीजिये :

(A) NIPCCD, NCW, CSWB

(B) NIPCCD, CSWB, DWCRA

(C) NCW, RMK, NRHM

(D) CSWB, NIPCCD, NRHM

**26.** निम्नलिखित में से सही सुमेलित युग्म कौन सा है ?

(A) सरला देवी चौधरी – भारत स्त्री महामंडल की संस्थापक

(B) कमला देवी चट्टोपाध्याय – इंडियन एसोसिएशन फॉर वूमेन्स स्ट्डीस की संस्थापक

(C) वीना मजूमदार – वूमेन इंडिया एसोसिएशन की संस्थापक

(D) सरोजिनी नायडू – राष्ट्रीय महिला परिषद की संस्थापक

**27.** **अभिकथन (A)** : पुरुषों की तुलना में स्त्रियों तथा लड़कियों को लिंग आधारित हिंसा के ज्यादा परिणाम भुगतने पड़ते हैं ।

**कारण (R)** : स्त्रियां तथा लड़कियां लिंग आधारित हिंसा के मुख्य लक्ष्य होती हैं ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(B) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।

**28.** राष्ट्रीय महिला आयोगों के निम्नलिखित अध्यक्षों को वर्तमान काल से भूतकाल तक कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिये :

(A) मोहिनी गिरि, जयन्ती पटनायक, गिरिजा व्यास, पूर्णिमा अडवाणी

(B) गिरिजा व्यास, पूर्णिमा अडवाणी, मोहिनी गिरि, जयन्ती पटनायक

(C) गिरिजा व्यास, जयन्ती पटनायक, मोहिनी गिरि, पूर्णिमा अडवाणी

(D) गिरिजा व्यास, मोहिनी गिरि, पूर्णिमा अडवाणी, जयन्ती पटनायक

**29.** नारीवादियों के किस समूह ने अंत:क्रियात्मक कार्यप्रणाली की पैरवी की ?

(A) मार्ग्रेट इकलर एवं रोज़मेरी टाँग

(B) नेंसी क्लीबर एवं लिंडा लाईट

(C) मेरी मेनार्ड, एवं आरलाइ रसेल

(D) हैनले एवं मेरीलिन जे.

**30.** निम्नलिखित संस्थानों को उनके प्रारम्भ होने के वर्ष के अनुसार कालानुक्रमिक क्रम में व्यवस्थित कीजिये :

i. महिला एवं बाल विकास विभाग

ii. स्त्रियों के लिये नेशनल पर्स्पेक्टिव प्लान

iii. महिला अध्ययन के लिये यू.जी.सी. केन्द्र

iv. सर्व शिक्षा अभियान

**कूट** :

(A) i, ii, iii, iv

(B) ii, i, iii, iv

(C) iii, i, ii, iv

(D) i, iii, ii, iv

**31.** 'वूमेन्स कम्पोनेन्ट प्लान' किस पंचवर्षीय योजना में प्रारम्भ किया गया ?

(A) 6ठी पंचवर्षीय योजना

(B) 7वीं पंचवर्षीय योजना

(C) 5वीं पंचवर्षीय योजना

(D) 9वीं पंचवर्षीय योजना



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**32.** Among the following which is not an objective of Rashtriya Mahila Kosh ?

(A) To advise the government on all policy matters affecting women.

(B) To promote the provision of micro credit to poor women.

(C) To demonstrate and replicate participatory approach in the organisation of women's group.

(D) To link with thrift and savings with credit.

**33.** **Assertion (A) :** The self help group of women have been found very effective in organizing and sensitizing women.

**Reason (R) :** The self help group of women are supported by educated women.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true.

(B) Both (A) and (R) are false.

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**34.** The chief barriers of female education in India are :

i. Shortage of female teachers.

ii. Inadequate school facilities.

iii. Gender bias in school curriculum.

iv. Inadequate English schools.

**Codes :**

(A) i, ii only

(B) i, ii, and iii only

(C) iv only

(D) iii, and iv only

**35.** Which International Conference had the thrust on the concept of empowerment ?

(A) Mexico (B) Beijing

(C) Copenhagen (D) Nairobi

**36.** The Department of Women and Child Development provides for the schemes.

i. Short stay homes for women and girls.

ii. Hostels for working women.

iii. Condensed courses of education for elderly women.

iv. Family Counselling Centres.

**Codes :**

(A) i, ii, iii only

(B) ii, iii, and iv only

(C) i, ii, and iv only

(D) i, iii, only

**37.** Match the following from List – I (Authors) and List – II (Books) :

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Pandita Rama Bai | 1. Recasting Women Essays in Colonial History |
| b. Neera Desai | 2. High Caste Hindu Women |
| c. Sangari. K | 3. Decade of Women's Movement in India |
| d. K. Jayawandana | 4. Feminism and Nationalism in Third World |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (B) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (C) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**38.** Which Social Reformer viewed "The subjugation of women as an instrument for maintaining Brahminical dominance in Indian society" ?

(A) Jyotiba Phule

(B) Raja Ram Mohan Roy

(C) I.C. Vidya Sagar

(D) Karve



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**32.** 'राष्ट्रीय महिला कोष' का उद्देश्य निम्नांकित में से कौन सा नहीं है ?

(A) स्त्रियों को प्रभावित करने वाले समस्त नीतिगत मामलों पर सरकार का परामर्श ।

(B) निर्धन स्त्रियों को माइक्रो क्रेडिट की सुविधा को बढ़ावा ।

(C) महिलाओं के समूहों के संगठन में सहभागी उपागम का प्रदर्शन करना तथा उसी तरह से चलाना ।

(D) किफायत तथा बचतों को ऋण के साथ सम्बन्धित करना ।

**33.** **अभिकथन (A)** : स्त्रियों को संगठित करने तथा उनका संवेदीकरण करने में स्त्रियों के स्वयं सहायता समूहों को बहुत प्रभावशील पाया गया है ।

**कारण (R)** : स्त्रियों के स्वयं सहायता समूहों को शिक्षित स्त्रियों का समर्थन प्राप्त है ।

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।

(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**34.** भारत में स्त्री शिक्षा के मुख्य अवरोध हैं :

i. महिला शिक्षकों की कमी

ii. अपर्याप्त स्कूल सुविधाएं

iii. स्कूल की पाठ्यचर्या में लैंगिक पूर्वाग्रह

iv. अपर्याप्त अंग्रेजी स्कूल

**कूट** :

(A) सिर्फ i, ii

(B) सिर्फ i, ii और iii

(C) सिर्फ iv

(D) सिर्फ iii और iv

**35.** सशक्तिकरण की अवधारणा पर किस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ने बल दिया ?

(A) मेक्सिको (B) बीजिंग

(C) कॉपेनहैगन (D) नैरोबी

**36.** महिला एवं बाल विकास विभाग निम्नलिखित योजनाओं की व्यवस्था करता है :

i. स्त्रियों तथा लड़कियों के लिये अल्पावास गृह

ii. कामकाजी स्त्रियों के लिये हॉस्टल

iii. बुजुर्ग महिलाओं के लिये संक्षिप्त व संघनित पाठ्यक्रम

iv. परिवार परामर्श केन्द्र

**कूट** :

(A) सिर्फ i, ii, iii

(B) सिर्फ ii, iii और iv

(C) i, ii और iv

(D) सिर्फ i, iii

**37.** सूची – I (लेखक) और सूची – II (पुस्तक) को सुमेलित कीजिये :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | पंडिता रमाबाई | 1. | रिकास्टिंग वूमेन ऍसेएस इन कॉलोनियल हिस्टरी |
| b. | नीरा देसाई | 2. | हाई कास्ट हिन्दू वूमेन |
| c. | संगरी के | 3. | डिकेड ऑफ वूमेन्स मूवमेंट इन इंडिया |
| d. | के. जयावन्दना | 4. | फैमिनिज़्म एण्ड नेशनलिज़्म इन थर्ड वर्ल्ड |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (B) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (C) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (D) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**38.** "भारतीय समाज में, ब्राह्मणीय प्रधानता बनाये रखने में स्त्रियों की अधीनस्थता को उपकरण के रूप में" किस समाज सुधारक ने देखा ?

(A) ज्योतिबा फूले

(B) राजा राममोहन रॉय

(C) आइ.सी. विद्यासागर

(D) कर्वे



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**39.** What are the indicators used for calculating the dimension 'A long and healthy life' of Human Development Index ?

i. 7+ Literacy Rate
ii. Infant Mortality Rate
iii. Life expectancy at age I
iv. Maternal Mortality Rate

**Codes :**

(A) i, ii, iii and iv are correct.
(B) ii, and iii are correct.
(C) ii, iii, and iv are correct.
(D) i only correct.

**40.** According to the National Rural Employment Gaurantee Act, the percentage of women beneficiaries shall be :

(A) 50 % (B) 75 %
(C) 33 % (D) 100 %

**41.** Which article of the Constitution of India provides 'The State to make any special provision in favour of women and children' ?

(A) Article 14 (A) (B) Article 39 (C)
(C) Article 19 (2) (D) Article 15 (3)

**42.** Among the following which is not an ideology of feminism ?

(A) Identifying the existing social realities from the standpoint of women.
(B) Questioning the gender blindness of mainstream theories.
(C) Questioning the power of dominant classes.
(D) Promoting the replacement of dominant classes.

**43.** Women's studies became an academic discipline during :

(A) Second wave feminism
(B) First wave feminism
(C) Third wave feminism
(D) Fourth wave feminism

**44.** Name the Crèche Scheme introduced by the Ministry of Women and Child Development for the children of working mothers in 2006.

(A) Rajiv Gandhi National Creche Scheme
(B) Indira Gandhi National Creche Scheme
(C) Sishu Vikas Creche Scheme
(D) Jawahar National Creche Scheme

**45.** Queer theory relates to

i. gay and lesbian politics.
ii. question of usefulness of gendered binary distinctions.
iii. promotion of heterosexuality.
iv. promotion of sexual identities.

**Codes :**

(A) i and iv only correct
(B) i, ii and iv are correct
(C) i and ii are correct
(D) i, ii, iii and iv are correct

Read the following paragraph and answer question numbers **46** to **50**.

The increasing participation of women in the waged labour force has brought into focus a number of gender related issues, including inequality and sexual harassment at the work place. However, what constitutes sexual harassment, especially in the less severe form, is still being debated (Wise and Stanley, 1987, Ramazanoglu, 1987). The term sexual harassment, came first into use in 1974 during a Cornell University course on "Women and Work" in which women were encouraged to talk about their experiences in the work force (Farley, 1978 :xi). Unlike rape, sexual harassment had occurred for centuries without being named, as such (Bulsarnik, 1978, Backhouse and Cohen, 1978, Farley 1978, this has important implications. In Mc Kinnon's words lacking a teem to express it, sexual harassment was literally unspeakable which made a generalized shared and social definition of it inaccessible. The unnamed could not be mistaken for the non-existant.

That sexual harassment could be prevalent and yet nameless is a paradox. This may be understandable in the context of the private/public split, the "desexualization" of organisations, and "male sexual prerogative".



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**39.** मानव विकास सूचकांक के 'दीर्घ तथा स्वस्थ जीवन' आयाम का परिकलन करने के लिये कौन से सूचकों का उपयोग किया जाता है ?

i. 7+ साक्षरता दर
ii. बाल मृत्यु दर
iii. I वर्ष की आयु पर जीवन प्रत्याशा
iv. मातृ मृत्यु दर

**कूट** :

(A) i, ii, iii और iv सही हैं ।
(B) ii और iii सही हैं ।
(C) ii, iii और iv सही हैं ।
(D) सिर्फ i सही है ।

**40.** राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी अधिनियम के अनुसार, महिला लाभार्थियों का प्रतिशत होगा

(A) 50% (B) 75%
(C) 33% (D) 100%

**41.** भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद 'राज्य को स्त्रियों तथा बच्चों के पक्ष में कोई विशेष प्रावधान करने का' प्रबन्ध करता है ?

(A) अनुच्छेद 14(अ) (B) अनुच्छेद 39(स)
(C) अनुच्छेद 19(2) (D) अनुच्छेद 15(3)

**42.** निम्नलिखित में से कौन सा नारीवाद की विचारधारा नहीं है ?

(A) स्त्रियों के दृष्टिकोण से मौजूदा सामाजिक वास्तविकताओं की पहचान करना ।
(B) मुख्यधारा के सिद्धान्तों के लैंगिक अंधेपन पर प्रश्न उठाना ।
(C) प्रभुत्व सम्पन्न वर्गों की शक्ति पर प्रश्न उठाना ।
(D) प्रभुत्व सम्पन्न वर्गों के प्रतिस्थापन को बढ़ावा देना ।

**43.** महिला अध्ययन किस दौरान अकादमिक विषय बना

(A) नारीवाद की द्वितीय लहर
(B) नारीवाद की प्रथम लहर
(C) नारीवाद की तृतीय लहर
(D) नारीवाद की चौथी लहर

**44.** कामकाजी महिलाओं के बच्चों के लिये महिला एवं बाल विकास मन्त्रालय द्वारा 2006 में शुरू की गई क्रैच स्कीम का नाम बताइये :

(A) राजीव गांधी नेशनल क्रैच स्कीम
(B) इंदिरा गांधी नेशनल क्रैच स्कीम
(C) शिशु विकास क्रैच स्कीम
(D) जवाहर नेशनल क्रैच स्कीम

**45.** क्विअॅर थ्योरी किससे सम्बन्धित है ?

i. गे तथा लैस्बियन राजनीति
ii. लैंगिक द्विआधारी विभेदों की उपयोगिता पर प्रश्न उठाना
iii. विषमलिंगी कामुकता को बढ़ावा देना
iv. लैंगिक पहचान को बढ़ावा देना

**कूट** :

(A) सिर्फ i और iv सही हैं ।
(B) सिर्फ i, ii और iv सही हैं ।
(C) सिर्फ i और ii सही हैं ।
(D) i, ii, iii और iv सही हैं ।

नीचे दिये गये पद्यांश को पढ़िये और प्रश्न **46** से **50** तक के उत्तर दीजिये :

सवैतनिक कार्यों में महिलाओं की बढ़ती हुई सहभागिता के फलस्वरूप जेण्डर से सम्बन्धित कई मुद्दे, जैसे कि असमानता तथा कार्यस्थल में लैंगिक छेड़छाड़, इत्यादि सामने आए हैं । तथापि, लैंगिक छेड़छाड़ में क्या-क्या सम्मिलित किया जाता है विशेष रूप से कम कठोर रूप में, इस बारे में अभी भी बहस जारी है (वाइज़ एवं स्टेनले, 1987, रमजानॉग्लो, 1987) । 'लैंगिक छेड़छाड़' का शब्द सर्वप्रथम 1974 में "वूमेन एण्ड वर्क" पर कॉर्नल विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में प्रयोग किया गया जिसमें स्त्रियों को कार्यस्थल में अपने अनुभव के बारे में बात करने के लिये प्रोत्साहित किया गया था (फेयरली, 1978 : xi) । बलात्कार के विपरीत, लैंगिक छेड़छाड़ शताब्दियों से व्यवहार में प्रचलित रही परन्तु इसे कोई नाम नहीं दिया जाता था (बुलसेनिक, 1978; बैकहाऊस एवं कोहेन, 1978 ; फेयरली, 1978) । इसका असर बहुत महत्त्वपूर्ण रहा । मैकिनॉन के शब्दों में, 'इसे व्यक्त करने के शब्द के अभाव में, लैंगिक छेड़छाड़ के बारे में यथातथ्य (या अक्षरशः) बोलना असम्भव था, इसने इसकी सामान्यीकृत, सांझी तथा सामाजिक परिभाषा को अनधिगम्य बना दिया था । बेनाम को अविद्यमान समझने की भूल नहीं करनी चाहिये (1979 : 27-28) । यह तथ्य कि लैंगिक छेड़छाड प्रचलित होने पर भी बेनाम थी एक विरोधाभास है । यह निजी / सार्वजनिक अलगाव, "अलैंगिकीकरण" संगठन तथा पुरुष लैंगिक विशेषाधिकार के संदर्भ में बोधगम्य हो सकता है ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

The private/public division is featured prominently in much feminist literature. There it is viewed as crucial in understanding gender relation and power allocation between men and women and between adult and children (Elshtain, 1981. Stacey and Price 1981. Hamilton, 1978). Until this century men have dominated the public realm, women have been identified with the private realm, unpaid labour biological functions and nature (Sydie, 1988).This is not to say that men have not been also dominant in the private domain. The private/public split is crucial in understanding how sexuality view. As Hearn and Parkin comment. "Sexuality is often considered primarily biological and socially part of the private domain. Both these assumptions have been disputed." Until very recently organisations have been viewed as "desexualized" apparently inhabited, the words of Hearn and Parkin by " a bread of strange, a sexual eunuch figures". This portrayal, it is argued is partly related to the way organisational theorists have neglected the more general issue of gender. This avoidance has been described as "bizarre". In addition, the process of asexual portryal of organisation and their desexualization have involved a number of developments. These include : Privatizing sexuality, rationality and control over the body and time.

**46.** According to Elshtain the use of private and public division in feminist literature is useful in

i. understanding gender relations between men and women.
ii. understanding power allocation between men and women.
iii. understanding the relations in private realm.
iv. understanding the relations in public realm.

**Codes :**

(A) iii and iv only correct.
(B) ii and iii only correct.
(C) i and ii only correct.
(D) i, ii and iii only correct.

**47.** **Assertion (A) :** Sexuality is often considered primarily biological and socially the part of private domain.

**Reason (R) :** Men dominate over women in sexual relations.

**Codes :**

(A) (A) is true, (R) is false.
(B) (R) is true, (A) is false.
(C) (A) and (R) both are false.
(D) (A) and (R) both are true.

**48.** The term 'Bizarre' is associated with

(A) inclusion of sexual harassment issues at workplace.
(B) exclusion of sexual harassment issues at workplace.
(C) desexualization of workplace.
(D) advocacy against sexual harassment at workplace.

**49.** Sexual harassment at workplace prevalent and yet nameless because :

i. of biological division of labour.
ii. of male sexual prerogative.
iii. of male dominance at work place.
iv. women do not accept sexual harassment as normal behaviour of men.

**Codes :**

(A) i and ii are correct.
(B) i and iii are correct.
(C) iii and iv are correct.
(D) i, ii and iii are correct.

**50.** What is the need for the term 'sexual harassment'?

i. Sexual harassment remained unspeakable for centuries.
ii. Sexual harassment being prevalent but nameless.
iii. Increased workforce participation of women in wage labour.
iv. Sexual harassment reduces the women's workforce participation.

**Codes :**

(A) i and ii only correct.
(B) i, ii and iii only correct.
(C) iii and iv only correct.
(D) iv only correct.



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

निजी / सार्वजनिक विभाजन अधिकांश नारीवादी साहित्य में प्रमुख रूप से प्रकाशित हुआ है । वहां इसे लिंग सम्बन्ध तथा पुरुषों व स्त्रियों के बीच और व्यस्कों तथा बच्चों के बीच शक्ति (या सत्ता) के बंटवारे को समझने के लिये अहम समझा जाता है (एल्शटेन, 1981 ; स्टेसी एवं प्राईस, 1981 ; हैमिल्टन, 1978) । इस शताब्दी तक सार्वजनिक क्षेत्र में पुरुषों का वर्चस्व रहा ; और निजी क्षेत्र, अवेतनीय श्रम, जैविक कार्य तथा प्रकृति के साथ स्त्रियों का तादात्म्य किया गया (सिडाई, 1988) । यह नहीं कहा जा सकता है कि निजी क्षेत्र में भी पुरुषों का वर्चस्व नहीं रहा ।

निजी / सार्वजनिक विभाजन यह समझने के लिये अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है कि लैंगिकता को किस प्रकार से देखा जाए । जैसा कि हर्न तथा पार्किन ने टिप्पणी की है कि : "लैंगिकता को अक्सर प्राथमिक रूप से जैविक तथा सामाजिक रूप से निजी क्षेत्र का हिस्सा समझा जाता है । यह दोनों मान्यताएं विवाद का विषय है" (1987 : 5-6) । अभी हाल ही के वर्षों तक, संगठनों को अलैंगिक कृत, स्पष्टत्या, हर्न एवं पार्किन के शब्दों में "अजीब, अलैंगिक नपुंसक व्यक्तियों की नसल द्वारा बसा समझा गया" । यह चित्रण, यह तर्क किया जाता है, कि इससे सम्बन्धित है किस तरह से संगठनात्मक सिद्धान्तवेत्ताओं ने लिंग के ज्यादा सामान्य दृष्टिकोण की उपेक्षा की । इस उपेक्षा को "बिज़ार" (बेतुका) के रूप में परिभाषित किया गया है । इसके अतिरिक्त, संगठन के अलैंगिक चित्रण और उनके अलैंगिकीकरण के साथ कई गतिविधियां जुड़ी हैं । इनमें शामिल हैं : लैंगिकता का निजीकरण, राष्ट्रीयता तथा शरीर एवं समय पर नियन्त्रण ।

**46.** एल्शटेन के अनुसार, नारीवादी साहित्य में निजी तथा सार्वजनिक विभाजन का उपयोग निम्न में लाभदायी हैं :

i. पुरुषों तथा स्त्रियों के बीच लैंगिक सम्बन्धों की समझ ।
ii. पुरुषों तथा स्त्रियों के बीच सत्ता के बंटवारे की समझ ।
iii. निजी क्षेत्र में सम्बन्धों की समझ ।
iv. सार्वजनिक क्षेत्र में सम्बन्धों की समझ ।

**कूट** :
(A) सिर्फ iii तथा iv सही हैं ।
(B) सिर्फ ii और iii सही हैं ।
(C) सिर्फ i और ii सही हैं ।
(D) सिर्फ i, ii और iii सही हैं ।

**47.** **अभिकथन (A) :** लैंगिकता को अक्सर मुख्यत: जैविक, तथा सामाजिक रूप से निजी क्षेत्र का भाग समझा जाता है ।

**कारण (R) :** लैंगिक सम्बन्धों के मामले में स्त्रियों पर पुरुषों का आधिपत्य रहता है ।

**कूट** :
(A) (A) सत्य है, (R) असत्य है ।
(B) (R) सत्य है, (A) असत्य है ।
(C) (A) और (R) दोनों असत्य हैं ।
(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं ।

**48.** शब्द 'बिज़ार' किससे सम्बन्धित है ?
(A) कार्यस्थल पर लैंगिक छेड़छाड़ के मुद्दों का समावेशन ।
(B) कार्यस्थल पर लैंगिक छेड़छाड़ के मुद्दों का वर्जन ।
(C) कार्यस्थल का अलैंगिकीकरण ।
(D) कार्यस्थल पर लैंगिक छेड़छाड़ के विरुद्ध पैरवी ।

**49.** कार्यस्थल पर लैंगिक छेड़छाड़ प्रचलित है और फिर भी किस कारण से अज्ञात अथवा नाम रहित है ?

i. श्रम का जैविक विभाजन ।
ii. पुरुष लैंगिक विशेषाधिकार ।
iii. कार्यस्थल पर पुरुषों का प्रभुत्व ।
iv. स्त्रियां लैंगिक छेड़छाड़ को पुरुषों का सामान्य व्यवहार नहीं मानती हैं ।

**कूट** :
(A) i और ii सही हैं ।
(B) i और iii सही हैं ।
(C) iii और iv सही हैं ।
(D) i, ii और iii सही हैं ।

**50.** पद 'लैंगिक छेड़छाड़' की क्या आवश्यकता है ?

i. लैंगिक छेड़छाड़ शताब्दियों से अकथ्य रही है ।
ii. लैंगिक छेड़छाड़ प्रचलन में होने पर भी नाम रहित ।
iii. वैतनिक श्रम में स्त्रियों के वर्धित कार्यबल की भागीदारी ।
iv. लैंगिक छेड़छाड़ स्त्रियों के कार्यबल की भागीदारी कम करता है ।

**कूट** :
(A) सिर्फ i और ii सही हैं ।
(B) सिर्फ i, ii और iii सही हैं ।
(C) सिर्फ iii और iv सही हैं ।
(D) सिर्फ iv सही है ।



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in